पूछे जाने वाले आम सवाल

रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर (आवासीय वयोवृद्ध देखभाल) केन्द्रों में कर्मचारियों का अनिवार्य टीकाकरण

पूछे जाने वाले आम सवाल

रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर में कर्मचारियों के लिए, अपने काम के प्रकार पर निर्भर करते हुए, 17 सितम्बर या 31 अक्तूबर 2021 तक COVID-19 वैक्सीन (टीके) की कम से कम एक खुराक प्राप्त करना आवश्यक है।

जन स्वास्थ्य आदेश के बारे में

रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्रों पर कर्मचारियों के लिए COVID-19 टीकाकरण की आवश्यकता क्यों होगी?

ऑस्ट्रेलियाई सरकार रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर क्षेत्र को नियमित करती है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने यह उपाय प्रस्तावित किया है, जिसे राष्ट्रीय मंत्रिमंडल में सभी राज्यों और टेरिटरियों (राज्य-क्षेत्रों) ने अपनी सहमति दी थी। राज्य और टेरिटरियों ने स्थापित प्रक्रियाओं के माध्यम से इस प्रस्ताव को लागू करने की सहमति दी थी – NSW में, यह जन स्वास्थ्य (COVID-19 ऐज्ड केयर केन्द्रों) आदेश 2021 के माध्यम से है।

रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्र पूरी महामारी के दौरान ऑस्ट्रेलिया और विश्व भर में विशेष तौर पर असुरक्षित रहे हैं। महामारी की शुरूआत से ऑस्ट्रेलिया में रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्रों में COVID-19 के 260 से अधिक प्रकोप, और 4500 से अधिक मामले हो चुके हैं। 2020 में ऑस्ट्रेलिया में COVID-19 के फलस्वरूप मृत्यु की 685 घटनाएँ हुई थी।

हालाँकि 2021 में रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्रों में प्रकोप की घटनाएँ हुई हैं, परन्तु जहाँ निवासियों और कर्मचारियों का टीकाकरण हो चुका है, हमें मामलों की संख्याएँ, गंभीर रोग और मृत्यु की घटनाएँ कम होती दिखाई दे रही हैं ।

हमारे कुछ सबसे अधिक असुरक्षित लोगों की सुरक्षा करने के लिए रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्रों में कर्मियों का COVID-19 टीकाकरण किए जाने की आवश्यकता है। 60 साल से अधिक की आयु वाले लोगों को COVID-19 के फलस्वरूप गंभीर रोग, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु होने का अधिक खतरा है।

दोनों में से किसी भी वैक्सीन की एक खुराक Delta प्रकार से ग्रस्त होने के कारण अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति और मृत्यु होने की स्थिति से लगभग 70% संरक्षण देती है और आपके आसपास के लोगों में COVID-19 का फैलाव होने को महत्वपूर्ण तौर पर कम करती है, जो उस स्थिति में विशेष तौर पर महत्वपूर्ण है यदि आप असुरक्षित लोगों के साथ काम करते/करती हैं। दोनों वैक्सीनों में से किसी भी एक टीके की दोनों खुराकें 90% के करीब संरक्षण प्रदान करती हैं।

जन स्वास्थ्य आदेश में कौन सी भूमिकाएँ शामिल हैं?

17 सितम्बर 2021 सुबह 9 बजे से, रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर के सभी कर्मचारियों, इनमें कांट्रेक्टर और स्थानीय कर्मी शामिल हैं, और विद्यार्थियों, निवासी द्वारा सीधे नियुक्त किए गए लोगों और रखरखाव काम करने वाले कांट्रेक्टरों के अलावा केन्द्र पर सेवाएँ प्रदान करने के लिए नियुक्त किसी व्यक्ति के लिए रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्र में प्रवेश करने या वहाँ बने रहने के लिए COVID-19 टीकाकरण की कम से कम एक खुराक प्राप्त करनी आवश्यक होगी।

इनमें शामिल हैं:

- सीधी देखभाल प्रदान करने वाला कार्यबल
- सहायक कर्मचारी
- प्रशासनीय कर्मचारी
- केन्द्र द्वारा नियुक्त जीवन-शैली और सामाजिक देखभाल कर्मचारी जैसे कि संगीत/कला चिकित्सा, नाई, केश-सज्जा आदि
- केन्द्र द्वारा नियुक्त स्वयंसेवी
- केन्द्र द्वारा नियुक्त चिकित्सीय और स्वास्थ्य पेशेवर

31 अक्तूबर 2021 सुबह 9 बजे से किसी विद्यार्थियों और निवासी द्वारा सीधे-सीधे नियुक्त स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्र में प्रवेश करने या वहाँ बने रहने के लिए COVID-19 टीकाकरण की कम से कम एक खुराक प्राप्त करनी आवश्यक होगी।

इनमें शामिल हैं:

- विद्यार्थी
- किसी निवासी द्वारा नियुक्त चिकित्सीय पेशेवर, जैसे कि जनरल प्रेक्टिशनर और सलाहकारी विशेषज्ञ
- किसी निवासी द्वारा नियुक्त स्वास्थ्य पेशेवर जैसे कि डेन्टिस्ट (दांतों के चिकित्सक) और मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर तथा पोडियाट्रिस्ट (पैरों के चिकित्सक) और फिजियोथेरेपिस्ट

क्या विद्यार्थी जन स्वास्थ्य आदेश में शामिल हैं?

हाँ, विद्यार्थी जन स्वास्थ्य आदेश में शामिल हैं। विद्यार्थियों के लिए यह आवश्यक है कि रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्र में प्रवेश करने या वहाँ बने रहने के लिए 31 अक्तूबर 2021 सुबह 9 बजे तक उन्हें COVID-19 वैक्सीन की कम से कम एक खुराक प्राप्त हो चुकी हो।

क्या स्वास्थ्य पेशेवर जन स्वास्थ्य आदेश में शामिल हैं?

हाँ, स्वास्थ्य पेशेवर जन स्वास्थ्य आदेश में शामिल हैं। यदि स्वास्थ्य पेशेवर को रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्र द्वारा नियुक्त किया जाता है, तो यह ज़रूरी है कि उन्हें 17 सितम्बर 2021 सुबह 9 बजे तक COVID-19 वैक्सीन की कम से कम एक खुराक मिल चुकी हो। यदि स्वास्थ्य पेशेवर को ऐज्ड केयर केन्द्र के किसी निवासी द्वारा नियुक्त किया जाता है, तो यह ज़रूरी है कि उन्हें 31 अक्तूबर 2021 सुबह 9 बजे तक COVID-19 वैक्सीन की कम से कम एक खुराक मिल चुकी हो। इनमें वे स्वास्थ्य पेशेवर शामिल नहीं है जो किसी आपातकालीन स्थिति में काम करने के लिए रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्र में प्रवेश करते हैं।

स्वास्थ्य पेशेवरों में चिकित्सीय पेशेवर (जनरल प्रेक्टिशनर और सलाहकारी विशेषज्ञ), साथ ही फॉर्मेसिस्ट, डेन्टिस्ट और एलाइड हेल्थ पेशेवर शामिल हैं।

जन स्वास्थ्य आदेश में कौन शामिल नहीं हैं?

COVID-19 टीकाकरण कर्मचारियों की कुछ निश्चित श्रेणियों के लिए अनिवार्य नहीं है, जैसे कि रखरखाव काम करने वाले कांट्रेक्टर, परन्तु NSW में 16 साल और उससे अधिक की आयु वाले सभी को अपनी और अपने आसपास के लोगों की सुरक्षा के लिए ज़ोर देकर टीकाकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

यदि आपको सेवाएँ प्रदान करने के लिए केन्द्र द्वारा सीधे-सीधे नियुक्त नहीं किया जाता है या आप प्लेसमेंट करने वाले विद्यार्थी हैं या आप निवासी द्वारा सीधे-सीधे नियुक्त एक स्वास्थ्य पेशेवर हैं, तो आप जन स्वास्थ्य आदेश में शामिल नहीं हैं। इनमें परिजनों और मित्रों, व्यक्तिगत पैस्टोरल केयर (भावनात्मक और आध्यात्मिक आदि देखरेख) प्रदान करने वाले कर्मियों जैसे लोग शामिल हैं।

किन स्वयंसेवियों के लिए COVID-19 टीकाकरण आवश्यक है?

रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्र द्वारा नियुक्त स्वयंसेवियों के लिए यह ज़रूरी है कि उन्हें 17 सितम्बर सुबह 9 बजे तक COVID-19 वैक्सीन की कम से कम एक खुराक मिल चुकी हो।

रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर कर्मियों के लिए जन स्वास्थ्य आदेश और COVID-19 टीकाकरण से सम्बन्धित और अधिक जानकारी मैं कहाँ से प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

NSW Health प्रदाताओं और कर्मियों के लिए अतिरिक्त संसाधन विकसित कर रही है जो कई भाषाओं में उपलब्ध होंगे।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार का स्वास्थ्य विभाग – रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर कर्मी रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर कर्मियों के लिए COVID-19 टीकाकरण से जुड़ी अनिवार्य आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी प्रदान करता है।

क्या मुझे अपने नियोक्ता को COVID-19 टीकाकरण का प्रमाण दिखाने की आवश्यकता है?

आपके लिए यह ज़रूरी है कि यदि आपका नियोक्ता अनुरोध करे तो आप उन्हें COVID-19 टीकाकरण का प्रमाण प्रदान करें।

मैं COVID-19 टीकाकरण का प्रमाण कैसे प्राप्त करूँ?

COVID-19 टीकाकरण का प्रमाण ऑस्ट्रेलियाई टीकाकरण रजिस्टर (AIR) से होना ज़रूरी है। AIR तक पहुँच प्राप्त करने के लिए यह ज़रूरी नहीं है कि आपके पास Medicare कार्ड हो। आप ऑनलाइन अपनी इम्युनाइज़ेशन हिस्ट्री स्टेटमेंट तक पहुँच प्राप्त कर सकते/सकती हैं या AIR को इम्युनाइज़ेशन हिस्ट्री स्टेटमेंट डाक से भेजने के लिए कहें।

छूट

क्या चिकित्सीय आधार पर छूट उपलब्ध है?

जिस व्यक्ति को ऑस्ट्रेलिया में प्रयोग के लिए उपलब्ध COVID-19 वैक्सीनों से चिकित्सीय कारण से छूट प्राप्त हो, वह प्रवेश से पहले टीकाकरण कराने की आवश्यकता से मुक्त होता है। यह आवश्यक है कि कोई पंजीकृत चिकित्सीय पेशेवर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अनुमोदित प्रारूप में सर्टिफिकेट प्रदान करे जिसमें चिकित्सीय तौर पर छूट प्राप्ति का वर्णन किया गया हो।

किसी व्यक्ति को छूट केवल तभी दी जाएगी यदि उनके पास सभी उपलब्ध वैक्सीनों के लिए चिकित्सीय कारण की वजह से छूट प्राप्त है।

कर्मी के चिकित्सीय पेशेवर को चिकित्सीय कारण से छूट प्राप्ति का फॉर्म भरना होगा। कर्मी के लिए यह आवश्यक है कि वह चिकित्सीय कारण से छूट प्राप्ति के प्रमाण के तौर पर भरा हुआ फॉर्म दिखाए।

क्या कोई अन्य छूट उपलब्ध है?

जन स्वास्थ्य आदेश आपातकालीन स्थिति में काम करने के लिए केन्द्र में आने वाले स्वास्थ्य पेशेवर पर लागू नहीं होता है, जैसे कि पैरामेडिक।

परन्तु, NSW में 16 साल और इससे अधिक की आयु वाले लोगों को ज़ोर देकर, जितनी जल्दी संभव हो सके, टीकाकरण करवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

मैं गर्भवती हूँ और/या स्तनपान करा रही हूँ – क्या मुझे किन्हीं बातों पर ध्यान देने की ज़रूरत है?

गर्भवती महिलाएँ अब Pfizer (Comirnaty) COVID-19 वैक्सीन प्राप्त करने के लिए पात्र हैं।

गर्भावस्था के दौरान किसी भी चरण में COVID-19 के वैक्सीन दिए जाने सुरक्षित हैं और ये स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए भी उपयुक्त हैं।

स्तनपान कराने वाली महिलाओं या गर्भवती बनने की योजना बनाने वाली महिलाओं को भी Pfizer वैक्सीन प्राप्त करने का सुझाव दिया जाता है। जो महिलाएँ गर्भवती बनने की कोशिश कर रही हैं उन्हें टीकाकरण में देर करने की ज़रूरत नहीं है या टीकाकरण के बाद गर्भवती होने से परहेज करने की ज़रूरत नहीं है।

अपनी व्यक्तिगत परिस्थितियों या यह चर्चा करने के लिए कि आप जितनी जल्दी संभव हो सके टीकाकरण कैसे करवा सकती हैं, कृपया अपने जी.पी. या प्रासंगिक स्वास्थ्य पेशेवर से बात करें।

गर्भावस्था और स्तनपान कराने की स्थिति को चिकित्सीय तौर पर Pfizer वैक्सीन से छूट दिए जाने का कारण नहीं माना जाता है और इसलिए जन स्वास्थ्य आदेश के अधीन इन स्थितियों को छूट प्राप्त नहीं है।

COVID-19 टीकाकरण

मैं टीकाकरण कहाँ करवा सकता/सकती हूँ?

ऐसे कई तरीके हैं जिनका प्रयोग करके ऐज्ड केयर कर्मी COVID-19 के खिलाफ टीकाकरण करवा सकते हैं। ऑन-साइट (स्थल पर) प्रदाता या जी.पी. क्लिनिक के यहाँ ऐसा करना सबसे आसान तरीका है।

रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर प्रदाता अपने कार्यबल के लिए अपने खुद के Pfizer (Comirnaty) COVID-19 टीकाकरण क्लिनिक आयोजित कर सकते हैं या जी.पी. द्वारा ऑन-साइट (स्थल पर) क्लिनिक का प्रबंध करने के लिए अपने प्राईमरी हेल्थ नेटवर्क से सलाह ले सकते हैं। ऑन-साइट टीकाकरण क्लिनिक के बारे में अपने मैनेजर से बात करें।

रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर के कर्मचारी किसी जनरल प्रेक्टिस, एबोरिजनल कम्युनिटी कंट्रोल्ड हेल्थ सर्विस (जनजातीय सामुदायिक नियंत्रित स्वास्थ्य सेवा) या राष्ट्रमंडल की टीकाकरण क्लिनिक (जी.पी. रेस्पीरेटरि क्लिनिक) पर Pfizer (Comirnaty) COVID-19 वैक्सीन या AstraZeneca (Vaxzeria) COVID-19 वैक्सीन प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

कर्मचारी NSW Health की टीकाकरण क्लिनिक पर भी एपॉइंटमेंट बुक कर सकते/सकती हैं या वॉक-इन क्लिनिक या भाग लेने वाली फॉर्मेसी में भी जा सकते/सकती हैं।

एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए NSW सरकार – अपना टीकाकरण प्राप्त करें पर जाएँ या अपने नजदीक वॉक-इन क्लिनिक या भाग लेने वाली फॉर्मेसी का पता लगाएँ।

क्या COVID-19 टीकाकरण के लिए अवकाश का कोई प्रावधान है?

COVID-19 के खिलाफ टीकाकरण करवाने के लिए कुछ निश्चित कर्मचारियों के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार के माध्यम से समर्थन उपलब्ध है। और अधिक जानकारी के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार के स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट देखें।

क्या मैं काम पर टीकाकरण करवा सकता/सकती हूँ?

रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्र के प्रदाताओं के जनरल प्रेक्टिशनरों और फॉर्मेसियों के साथ संबंध हैं। ऑन-साइट (स्थल पर) या कार्यबल द्वारा पहुँच प्राप्त करने के लिए उचित स्थान पर कर्मचारी टीकाकरण के बारे में अपने मैनेजर से बात करें।

राष्ट्रमंडल के रोविंग (भ्रमणशील) क्लिनिक ग्रेटर सिडनी में 18 स्थानीय सरकारी क्षेत्रों में इन-रीच क्लिनिक प्रदान करने के लिए केन्द्रों में वापस आ रहे हैं। आपका मैनेजर आपको बताएगा यदि कोई रोविंग क्लिनिक आपके केन्द्र में वापस आ रही है।

क्या मुझे COVID-19 वैक्सीन तक प्राथमिक पहुँच मिल सकती है?

ऐज्ड केयर के जिन कर्मियों को अभी COVID-19 की एक खुराक नहीं मिली है, वे अपने जी.पी. या NSW Health टीकाकरण क्लिनिक के साथ एपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं या वॉक-इन क्लिनिक में भाग ले सकते हैं।

एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए NSW सरकार – अपना टीकाकरण प्राप्त करें पर जाएँ या अपने नजदीक वॉक-इन क्लिनिक का पता लगाएँ।

यदि आप किसी रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्र में काम करते/करती हैं, तो आप नेशनल कोरोनावायरस हेल्पलाइन से 1800 020 080 पर संपर्क कर सकते/सकती हैं और प्राथमिक सहायता तथा अपनी COVID-19 वैक्सीन बुक करने से सम्बन्धित सलाह के लिए विकल्प 4 चुनें।

COVID-19 टीकाकरण के किस प्रमाण की आवश्यकता होती है?

रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर प्रदाता प्रासंगिक कर्मियों से टीकाकरण के प्रमाण का निवेदन कर सकते हैं।

टीकाकरण का प्रमाण ऑस्ट्रेलियाई टीकाकरण रजिस्टर (AIR) से होना ज़रूरी है। AIR तक पहुँच प्राप्त करने के लिए यह ज़रूरी नहीं है कि आपके पास Medicare कार्ड हो। आप ऑनलाइन अपनी इम्युनाइज़ेशन हिस्ट्री स्टेटमेंट तक पहुँच प्राप्त कर सकते/सकती हैं या AIR को इम्युनाइज़ेशन हिस्ट्री स्टेटमेंट डाक से भेजने के लिए कहें।

यदि मेरे पास Medicare कार्ड नहीं है तो क्या मैं COVID-19 वैक्सीन के लिए पात्र हूँ?

COVID-19 टीकाकरण ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले सभी लोगों के लिए नि:शुल्क है। यदि आप रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्र में काम करते/करती हैं, तो जी.पी. रेस्पीरेटरी क्लिनिक या टीकाकरण क्लिनिकों में टीकाकरण करवाने के लिए आपके पास Medicare कार्ड होना ज़रूरी नहीं है।

एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए NSW सरकार – अपना टीकाकरण प्राप्त करें पर जाएँ या अपने नजदीक वॉक-इन क्लिनिक का पता लगाएँ।

क्या मैं यह फैसला ले सकता/सकती हूँ कि मुझे कौन सी COVID-19 वैक्सीन मिलेगी?

ऐज्ड केयर के कर्मचारी Pfizer (Comirnaty) COVID-19 वैक्सीन के लिए पात्र हैं परन्तु वे AstraZeneca (Vaxzevria) COVID-19 वैक्सीन प्राप्त करने का भी फैसला ले सकते हैं।

दोनों में से किसी भी वैक्सीन की एक खुराक Delta प्रकार से ग्रस्त होने के कारण अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति और मृत्यु होने की स्थिति से लगभग 70% संरक्षण देती है और आपके आसपास के लोगों में COVID-19 का फैलाव होने को महत्वपूर्ण तौर पर कम करती है। दोनों वैक्सीनों में से किसी भी एक टीके की दोनों खुराकें 90% के करीब संरक्षण प्रदान करती हैं, और संरक्षण अधिक लम्बी अवधि तक रहेगा।

अधिक जानकारी के लिए, अपने जी.पी. से बात करें या किसी प्रकोप के परिवेश में COVID-19 वैक्सीन के प्रयोग से जुड़ा ATAGI का वक्तव्य पढ़ें।

समयसीमा से पहले Pfizer (Comirnaty) COVID-19 वैक्सीन की बुकिंग न मिल पाने को छूट के लिए पर्याप्त कारण नहीं माना जाएगा।

क्या लॉकडाउन के दौरान मैं टीका लगवा सकता/सकती हूँ?

हाँ, पूरे NSW में घर-पर-रहने के प्रतिबंधों के अधीन COVID-19 टीकाकरण की अनुमति है। यदि आप एक क्लोज़ या कैजुअल कांटेक्ट हैं या यदि आपको COVID के कोई लक्षण हैं तो टीकाकरण करवाने के लिए घर से बाहर न जाएँ।

यदि मैं टीकाकरण करवाने से मना करता/करती हूँ तो क्या होता है?

यदि आप टीकाकरण आवश्यकता लागू होने की तिथि वाले दिन इस आवश्यकता को पूरा नहीं करते/करती हैं तो जन स्वास्थ्य आदेश आपको रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्र में प्रवेश करने या वहाँ रूकने से रोकेगा और आप केन्द्र में काम करने में सक्षम नहीं होंगे/होंगी।

सभी कर्मचारियों को इस बात से अवगत होना चाहिए कि COVID-19 वैक्सीन की कम से कम एक खुराक लेना 17 सितम्बर 2021 से रेज़ीडेन्शियल ऐज्ड केयर केन्द्रों में काम करना जारी रखने की एक आवश्यकता है।

यदि समय-सीमा से पहले मुझे COVID-19 की कम से कम एक खुराक नहीं मिलती है तो क्या होता है?

जन स्वास्थ्य आदेश लागू होने की तिथि से आवश्यकताएँ पूरी न करने वाले सभी कर्मचारियों को स्थल पर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि आप टीकाकरण की आवश्यकता लागू होने की तिथि को इसे पूरा नहीं करते/करती हैं और इस तिथि को आपके पास एक स्वीकृत चिकित्सीय छूट उपलब्ध नहीं है, तो आप सेवा पर काम करना जारी नहीं रख सकते/सकती हैं।